दिनांक 20.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

आवेदकों में बढ़ी रुचि आयुक्त ने आवेदन जमा करने का 02 दिन का बढ़ाया समय

भिलाईनगर/ छ0ग0 शासन के योग आयोग से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी वार्डों से दो-दो प्रतिभागियों एक महिला एक पुरुष का चयन करके पांच दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण रायपुर में दिया जायेगा। प्रशिक्षण पुरी तरह आवासीय होंगा। जिसमें 50 प्रतिशत महिला प्रतिभागी होना अनिवार्य है। योग के प्रति रुचि एवं पूर्व से इस संबंध में जानकारी रखने वाले 18 से 38 आयु वर्ग समुह के महिला व पुरुष प्रतिभागियों का चिन्हांकन किया जायेगा।

योग के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभागी नगर निगम भिलाई के मुख्य काउंटर 01 में अपना आवेदन नाम, आयु प्रमाण पत्र, योग्यता, पता, मोबाईल नम्बर, वार्ड क्र., वार्ड का नाम, के साथ 22 मार्च 2018 तक जमा कर सकते है। चयनित प्रतिभागियों को पांच दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर रायपुर योग आयोग छ0ग0 द्वारा प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षणों उपरान्त प्रशिक्षणार्थी को मास्टर ट्रेनर्स प्रमाण-पत्र प्राप्त होगा जो अपने वार्ड के निवासियों को योग प्रशिक्षण देने का कार्य कर सकेंगे। महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान, ने योग में रुचि रखने वाले प्रत्येक वार्ड के नागरिकों से अपील की है कि यह एक अच्छा अवसर है अपने वार्ड में लोगों से जुड़कर कार्य करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

जनसम्पर्क विभाग